# प्रेस नोट थाना राजघाट जनपद गोरखपुर  06.08.2026

## 13 वर्षीय गुमशुदा बालक को बरामद कर नियमानुसार परिजन को सुपुर्द किया गया

पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी कोतवाली के पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष राजघाट के नेतृत्व में मय पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा बालक को बरामद कर उसके परिजनो को सुपुर्द किया गया ।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

सूचना पर थानाध्यक्ष राजघाट द्वारा तत्काल बच्चे की सकुशल बरामदगी हेतु उ0नि0 आनन्द उपाध्याय के नेतृत्व में टीम गठित की गई। उ0नि0 आनन्द उपाध्याय द्वारा परिजनों से वार्ता कर बच्चे की तलाश में आसपास के सीसीटीवी कैमरों को चेक किया गया, जिसमें बच्चा निजामपुर एवं डोमिनगढ़ में दिखाई दिया। परिजनों से उनके रिश्तेदारों के संबंध में जानकारी करने पर बच्चे का ननिहाल जगतबेला में होना बताया गया। तत्पश्चात उ0नि0 आनन्द उपाध्याय द्वारा बच्चे के ननिहाल पहुंचने पर उक्त बच्चा अपने ननिहाल में मौजूद मिला, जिसे परिजनों के साथ थाना स्थानीय लाया गया। थानाध्यक्ष राजघाट द्वारा बच्चे एवं उसके परिजनों की काउंसलिंग की गई तथा बच्चे को सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया।

**बरामदगी की टीम-**

1. उ0नि0 आनन्द उपाध्याय चौकी प्रभारी रहमत नगर थाना राजघाट गोरखपुर
2. का0 संजीत शाह थाना राजघाट जनपद गोरखपुर
3. का0 मो0 फहीम थाना राजघाट जनपद गोरखपुर